सं.76/छात्रवृत्ति/सीबीएसई/2023 दिनांक : 14.09.2023

सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य/प्रमुख
(सीबीएसई वेबसाइट द्वारा)

विषय : सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों द्वारा एकल बालिका संतान छात्रवृत्ति 2023 के ऑनलाइन आवेदनों के सत्यापन के संबंध में।

सीबीएसई एकल बालिका संतान छात्रवृत्ति उन एकल बालिका संतान को प्रदान करता है, जिन्होंने सीबीएसई से संबद्ध स्कूल से पहले पाँच विषयों में 60% अंको से दसवीं कक्षा पास की है। यह योजना सीबीएसई द्वारा वर्ष 2006 से शुरू की गई थी।

सिंगल गर्ल चाइल्ड छात्रवृत्ति 2023 व सिंगल गर्ल चाइल्ड छात्रवृत्ति 2022 (नवीकरण 2023) के लिए पात्र छात्राओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उम्मीदवार सीबीएसई की वैबसाइट **https://cbse.gov.in -> Scholarship** पर उपलब्ध छात्रवृति पोर्टल के माध्यम से सीधे आवेदन कर सकते हैं।

स्कूलों से अनुरोध है कि वे सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध एकल बालिका संतान छात्रवृत्ति X-2023 के दिशानिर्देशों को पढ़ लें और अपने छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन पर कार्रवाही करें।

पात्रता मानदंड :-

1. एकल बालिका संतान, जिन्होंने सीबीएसई से संबद्ध स्कूल से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की है और सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में अपनी शिक्षा प्राप्त कर रही हो।
2. वे छात्राएं जो अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं और जिन्होंने दसवीं कक्षा में 60% या उससे अधिक अंक (पहले पाँच विषयों में) प्राप्त किए हैं, छात्रवृत्ति के अवार्ड के लिए पात्र हैं।
3. कक्षा X में मासिक ट्यूशन शुल्क 1500/- रुपये प्रति माह और कक्षा XI और XII के लिए 10% वृद्धि से अधिक नहीं होना चाहिए।
4. प्रदान की गई छात्रवृत्ति को एक वर्ष की अवधि के लिए नवीकृत किया जाएगा अर्थात कक्षा XI के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर और छात्र ने कक्षा XI में 50% या अधिक अंक प्राप्त किए हैं और कक्षा XII में प्रोन्नत किया गया है।
5. छात्रवृत्ति केवल भारतीय नागरिकों को प्रदान की जाएगी।
6. बोर्ड के एनआरआई आवेदक भी पुरस्कार/अवार्ड के लिए पात्र हैं। ट्यूशन शुल्क अधिकतम 6,000/- रुपये प्रति माह का एनआरआई के लिए निर्णय किया गया है।
7. इस योजना के तहत एक छात्रा छात्रवृत्ति का लाभ उठाते हुए उस स्कूल द्वारा दी गई अन्य रियायतों का लाभ ले सकता है और वह अन्य संगठन (संगठनों) द्वारा प्रदान की गई रियायतों को प्राप्त कर सकती हैं।

अभ्यर्थी एकल बालिका संतान छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं और स्कूलों को अपने स्कूल के छात्राओं के

जे.पी.सी

आवेदन फॉर्म को सत्यापित करना होगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के छात्रवृत्ति पोर्टल है जहां स्कूल लॉगिन कर सकते हैं और आवेदनों को सत्यापित कर सकते हैं।

एकल बालिका संतान छात्रवृत्ति X-2023 ऑनलाइन आवेदन जमा करने और प्रसंस्करण की अनुसूची:

		से	तक
1	आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन जमा करना	19.09.2023	18.10.2023
2	स्कूल द्वारा आवेदन का सत्यापन	25.09.2023	25.10.2023

* स्कूल को किसी भी स्थिति में आवेदन का सत्यापन 25.10.2023 तक पूरा करना होगा।

कैसे सत्यापित करें :-

1. **स्कूल पर दिए गए लिंक https://cbse.gov.in -> छात्रवृत्ति माध्यम से लॉगिन कर सकते हैं।**
2. विभिन्न परीक्षा गतिविधियों के लिए उपयोग किए गए **स्कूल का मौजूदा विवरण दर्ज करें।**
3. **लॉग इन करने के बाद, स्कूल से संबंधित आवेदकों की सूची स्कूल से समक्ष होगी।**
4. **आवेदक के विवरण की जांच करें और छात्रवृत्ति पात्रता दिशानिर्देशों के समक्ष आवेदन के उचित सत्यापन के बाद स्वीकृत या अस्वीकृत का चयन करें, जैसा भी मामला हो।**
5. **स्टेटस अपडेट करने पर यह आवेदक को दिखाई देगा।**
6. **एक बार विवरण सत्यापित हो जाने और स्थिति अपडेट हो जाने के बाद, आगे कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता है।**
7. **आवेदन लंबित होने की स्थिति में छात्रा स्कूल के साथ अनुवर्ती कार्रवाई भी कर सकती है।**

नोट: ऑफलाइन आवेदन/छात्रवृत्ति के लिए अनुरोध की हार्डकॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी।

योजना के दिशा-निर्देश छात्रवृत्ति पोर्टल के तहत सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। स्कूलों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी एकल बालिका संतान छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करने के लिए प्रेरित करें।

जयप्रकाश चतुर्वेदी
(जयप्रकाश चतुर्वेदी)
संयुक्त सचिव (प्र.व विधि

प्रतिलिपि: वेब एडमिन को सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ।